TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**22 अक्टूबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**शिक्षा स्वतंत्रता के सुनहरे**

**दरवाजे खोलने की कुंजी है।**

एपीजे अब्दुल कलाम



राकेश कुमार

# दिवस विशेष

22 अक्टूबर

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस 22 अक्टूबर



अंतर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस, 22 अक्टूबर को आयोजित एक वार्षिक उत्सव है। यह पहली बार 1998 में यूके और आयरलैंड में आयोजित किया गया था। इस दिन का उद्देश्य मुद्दों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है। इसका सामना लाखों लोग करते हैं । दुनिया की आबादी का एक प्रतिशत  जो हकलाते हैं । हर साल, दुनिया भर में हकलाने वाले समुदाय और संघ एक साथ आते हैं, कार्यक्रम आयोजित करते हैं और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए अभियान चलाते हैं कि हकलाने वाले लोगों के लिए समाज के कुछ पहलू कैसे कठिन हो सकते हैं। नकारात्मक दृष्टिकोण और भेदभाव को चुनौती देना; और उन मिथकों को तोड़ना है कि हकलाने वाले लोग घबराए हुए या कम बुद्धिमान होते हैं। आईएसएडी हकलाने वाली कई उल्लेखनीय हस्तियों का भी जश्न मनाता है जिन्होंने विज्ञान,राजनीति, दर्शन, कला, सिनेमा और संगीत के क्षेत्र में अब और पूरे इतिहास में दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी है। लोगों को हकलाहट के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 22 अक्टूबर को  अंतर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस (इंटरनेशनल स्टमरिंग अवरनेस डे) मनाया जाता है। दुनियाभर में 1.5% लोग हकलाहट का शिकार हैं। इस समस्या के चलते लोगों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।लोगों को इस जटिल स्थिति, उनकी जरूरतों और बच्चों में हकलाहट को रोकने की दिशा में काम करने के बारे में शिक्षित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस मनाया जाता है।

# जयंती विशेष 22 अक्टूबर




**अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ** *Ashfaq Ulla Khan*; जन्म- 22 अक्टूबर, 1900 ई., शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 19 दिसम्बर, 1927 ई., फैजाबाद) को भारत के प्रसिद्ध अमर शहीद क्रांतिकारियों में गिना जाता है। देश की आज़ादी के लिए हंसते-हंसते प्राण न्यौछावर करने वाले अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रबल पक्षधर थे। 'काकोरी कांड' के सिलसिले में 19 दिसम्बर, 1927 ई. को उन्हें फैजाबाद जेल में फाँसी पर चढ़ा दिया गया। अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ ऐसे पहले मुस्लिम थे, जिन्हें षड्यंत्र के मामले में फाँसी की सज़ा हुई थी।

MATH TLM

65 Class-6to8

# लाभ और हानि (profit and loss)

## महत्वपूर्ण सूत्र

$$\text{विक्रय मूल्य} = \frac{\text{क्रय मूल्य} \times (100 + \text{लाभ } \%)}{100}$$

जैसे - क्र.मू.=120रु, लाभ %=25%,
वि.मू.=?

हलः- $$\text{वि.मू.} = \frac{120 \times (100+25)}{100}$$

$$= \frac{120 \times 125}{100} = 150\text{रु}$$

# TOB खेल कॉर्नर




## एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारत

| रिजल्ट | साल |
|---|---|
| 6 विकेट से जीता | 2019 |
| 4 विकेट से जीता | 2012 |
| 50 रन से हारा | 2008 |
| 152 रन से हारा | 2000 |
| 6 विकेट से हारा | 1991 |
| 36 रन से हारा | 1986 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.10.2025

## प्रायोगिक ज्ञान

प्रायोगिक ज्ञान, जिसे अनुभवजन्य ज्ञान भी कहते हैं, वह ज्ञान है जो वास्तविक दुनिया के अनुभवों, अवलोकन और प्रयोगों के माध्यम से प्राप्त होता है। यह सैद्धांतिक या तार्किक ज्ञान के विपरीत होता है, जो केवल तर्क या सहज ज्ञान पर आधारित होता है। संक्षेप में, यह "करके सीखने" का सिद्धांत है, जहाँ व्यक्ति किसी चीज को पढ़कर या सुनकर सीखने के बजाय, उसे खुद करके सीखता है।

# पद्य पंकज

"

दो वर्तमान का सत्य सरल
सुन्दर भविष्य के सपने दो
हिंदी है भारत की बोली
तो अपने आप पनपने दो।

**गोपाल सिंह नेपाली**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ
22अक्टूबर 1900
19 दिसम्बर1927
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतरराष्ट्रीय
हकलाहट
जागरूकता
दिवस
22 अक्टूबर
Madhu priya
www.teachersofbihar.org